कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मध्यप्रदेश भोपाल

(कक्ष-स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स)

वन भवन, भोपाल E-mail-pccfwl@mp.gov.in

क्रमांक/2025/WLC/I/252308/2025 भोपाल, दिनांक05-05-2025

ALERT NO.02/2025-26

विषयः- शहडोल,रीवा,छतरपुर,एवं जबलपुर वन वृत्तो मे " कुख्यात बाघ शिकारी गिरोह" के सदस्यों के सक्रिय होने के संबंध में।

--0--

स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्य प्रदेश को प्राप्त सूचना अनुसार आदतन बाघ शिकारी गिरोह के कुख्यात सरगना व अन्य सदस्य जो वर्तमान में मध्यप्रदेश के मुख्यतः शहडोल व रीवा एवं उसके आसपास लगे जबलपुर व छतरपुर, वन वृत्त के अधीन टाइगर रिजर्व, वन मण्डल के बाघ विचरण क्षेत्रों में सक्रिय होने के साक्ष्य मिले है, इनको मध्यप्रदेश वन विभाग के द्वारा पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। इस बाघ शिकारी गिरोह के कुछ सदस्यों का संबंध कटनी व पन्ना जिले के बाघ शिकारी गिरोह से भी रहा है।

अत:गिरोह के सदस्यों के पूर्व अपराधिक रिकार्ड को ध्यान में रखते हुए आप अपने अधीनस्थ क्षेत्रीय अधिकारियों को सचेत करे, गहन गश्ती एवं निम्नलिखित कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे। विशेषत: सीधी (बहली, चुरहट, गोपद, बनास एवं मझोली), सिंगरौली (देओसर, सरई), शहडोल (बेओहारी, जयसिंहनगर, बुढ़ार),पन्ना (शाहनगर), छतरपुर (जटाशंकर, खजुराहो), उमरिया (मानपुर, बांधवगढ़, चंदिया, बिलासपुर, घुंनघुटी), अनुपपुर (जैथारी) सतना (उचेहरा), एवं मैहर आदि क्षेत्रो में विशेष निगरानी/सतर्कता रखी जावे एवं निम्नानुसार कार्यवाही की जावे :-

1. निकटतम श्वान दल की सहायता लेकर संदिग्ध/शिकारी गिरोह के डेरा में नियमनुसार सर्चिंग कार्यवाही की जावे।

2. संदिग्ध/शिकारी गिरोह के डेरा की उपस्थिति पाई जाने पर उनसे पूछताछ कर निकटतम थाने में मुसाफिरी दर्ज करावें।

3. बाघ विचरण क्षेत्रों में संदिग्ध/बाहरी व्यक्ति जो विशेषकर प्लास्टिक की सामग्री, चादर-कंबल, जडीबूटियों, खाद्य सामग्री (किशमीश, छुआरा, खारक) आदि को बेचने वाले पर गहन निगरानी रखे।

4. संदिग्ध/शिकारी गिरोह के व्यक्तियों की जानकारी (नाम, पता, मोबाईल न., आधार कार्ड, वाहन क्रमांक आदि)संधारित करें व उसे स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स के अधिकारियों (मोबाईल **9424797059, 9424797031)**पर तत्काल **WhatsApp** करे, जिससे डाटाबेस से मिलान किया जाना सुनिश्चित हो सकें।

Digitally signed by
Subharanjan Sen
Date: 05-05-2025
17:24:57

प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्यजीव) एवं मुख्य
वन्यजीव अभिरक्षक,म.प्र.

प्रतिलिपि :-1-प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख म.प्र. की ओर सूचनार्थ संप्रेषित। 2-पुलिस महानिदेशक, एसटीएफ एवं अध्यक्ष स्टेट टाइगर सेल, म.प्र. भोपाल सूचनार्थ प्रेषित। 3-मुख्य वन संरक्षक(क्षेत्रीय) छतरपुर/ जबलपुर/ रीवा/ शहडोल वन वृत्त एवं क्षेत्र संचालक, संजय/ बंधवगढ़/पन्ना टाइगर रिजर्व (मप्र)। 4-समस्त संबंधित वनमण्डलाधिकारी (क्षेत्रीय/ वन्यजीव) एवं संबंधित संभागीय प्रबंधक, राज्य वन विकास निगम इकाई (मप्र)। 5-प्रभारी अधिकारी स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स क्षेत्रीय इकाई जबलपुर/शिवपुरी,
सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।